अल्ट्राटेक का कीमत लक्ष्य बढ़ाया

तन्मय तिवारी
नई दिल्ली, 24 जनवरी

भले ही वित्त वर्ष 2025 की दिसंबर तिमाही में अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय नतीजे वित्त वर्ष 2024 की इसी तिमाही के मुकाबले ज्यादा अच्छी नहीं रहे हों, लेकिन कंपनी ने बाजार अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा एक साल पहले के मुकाबले 17.4 फीसदी घटकर 1,469.5 करोड़ रुपये रह गया जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,777 करोड़ रुपये था।

हालांकि अल्ट्राटेक सीमेंट का राजस्व वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 2.7 फीसदी बढ़कर 17,193.3 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 16,740 करोड़ रुपये था। परिचालन स्तर पर एबिटा सालाना आधार पर 11.3 फीसदी घटकर तीसरी तिमाही में 2,887.1 करोड़ रुपये रह गया जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 3,254.6 करोड़ रुपये था।

तिमाही आधार पर एबिटा मार्जिन एक साल पहले की तिमाही के 19.4 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2025 की दिसंबर तिमाही में 16.8 फीसदी रह गया। अल्ट्राटेक सीमेंट के तीसरी तिमाही के नतीजे ब्लूमबर्ग के विश्लेषकों के 1,323 करोड़ रुपये के लाभ और 17,129 करोड़ रुपये के राजस्व अनुमान की तुलना में बेहतर रहे हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर दिन के कारोबार में 1.61 फीसदी तक चढ़कर 11,606.10 रुपये की ऊंचाई पर पहुंच गया था और आखिर में 1.18 फीसदी की गिरावट के साथ 11,287.65 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स 0.43 फीसदी गिरकर 76,190.45 पर बंद हुआ। कई ब्रोकर तिमाही नतीजों के बाद अल्ट्राटेक सीमेंट पर उत्साहित बने हुए हैं।

नुवामा के विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में समेकित बिक्री में 11 फीसदी की सालाना वृद्धि का अनुमान जताया था जो 5 फीसदी की उद्योग वृद्धि से अधिक है। कंपनी की बेहतर प्राप्तियों के कारण एबिटा अनुमानों में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा प्रति टन एबिटा तिमाही आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 951 रुपये हो गया। कंपनी प्रबंधन को घरेलू क्षमता वित्त वर्ष 2025 के अंत तक 18.3 करोड़ टन और वित्त वर्ष 2027 तक 20.7 करोड़ टन पर पहुंच जाने का अनुमान है जो वित्त वर्ष 2025 के शुरू में 14.1 करोड़ टन है। नुवामा ने इस शेयर के लिए 'होल्ड' रेटिंग बरकरार रखते हुए कीमत लक्ष्य 11,238 से बढ़ाकर 11,574 रुपये कर दिया है। जेएम फाइनैंशियल ने अपने वित्त वर्ष 2025-27 के अनुमानों को बरकरार रखा है और मार्च 2026 के कीमत लक्ष्य को 13,000 रुपये पर बनाए रखा है। ब्रोकरेज ने अल्ट्राटेक सीमेंट को सेक्टर का पसंदीदा दांव बताते हुए इसे 'खरीदें' रेटिंग की पुनः पुष्टि की है। बिक्री में सुधार और कम लागत की वजह से मार्जिन में सुधार को ध्यान में रखते हुए गोल्डमैन सैक्स ने भी इसे खरीदें रेटिंग बरकरार रखी है और अपना कीमत लक्ष्य 12,460 रुपये से बढ़ाकर 12,580 रुपये कर दिया है।

सिटी ने भी इस शेयर पर खरीदें रेटिंग बरकरार रखी है और कीमत लक्ष्य 12,500 रुपये से बढ़ाकर 13,100 रुपये कर दिया है। रिपोर्टों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान 12 फीसदी की सालाना वृद्धि दर के अनुमान के साथ सिटी ने इस शेयर का कीमत लक्ष्य बढ़ाया है। मैक्वेरी, जेपी मॉर्गन, डैम कैपिटल, जेफरीज ने भी इस शेयर पर सकारात्मक नजरिया अपनाया है।

नुवामा
रेटिंग : होल्ड
कीमत लक्ष्य: 11,238 से बढ़ाकर 11,574 रुपये किया

जेएम फाइनैंशियल
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 13,000 रुपये

गोल्डमैन सैक्स
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 12,640 से बढ़ाकर 12,580 रुपये किया

ब्रोकरों का नजरिया

सिटी
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 12,500 से बढ़ाकर 13,100 रुपये किया

मैक्वेरी
रेटिंग: आउटपरफॉर्म
कीमत लक्ष्य: 12,705 रुपये

जेपी मॉर्गन
रेटिंग: ओवरवेट
कीमत लक्ष्य: 13,470 रुपये

डैम कैपिटल
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 12,550 रुपये

जेफरीज
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 13,265 रुपये

इक्विरस
रेटिंग: खरीदें
कीमत लक्ष्य: 13,490 रुपये

रियल्टी, तेल-गैस शेयरों में बिकवाली से टूटे बाजार

उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और दो दिनों की तेजी पर विराम लग गया। सेंसेक्स में 330 अंक और निफ्टी में 113 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों ने रियल्टी, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में निवेश घटा दिया। विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स 329.92 अंक गिरकर 76,190.46 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 428.63 अंक गिरकर 76,091.75 पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 113.15 अंक गिरकर 23,092.20 पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयरों में पिछले दो दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबारी सप्ताह का भी समापन गिरावट के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 428.87 अंक और निफ्टी में 111 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वाहन, तेल एवं गैस और रियल्टी शेयरों में बिकवाली के बीच बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आए तगड़े सुधार ने गिरावट को थामने का काम किया। *भाषा*

सोने में लगातार चौथे सप्ताह भी बढ़त

रॉयटर्स

सोने की कीमतें शुक्रवार को अक्टूबर के बाद से अपने सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं और लगातार चौथे सप्ताह इनमें बढ़त दर्ज की जा सकती है। सोने में यह तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ब्याज दरों को कम करने की अपील और उनकी व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितता के कारण आई है। सोने का हाजिर भाव 0.7 फीसदी चढ़कर 2,774.19 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। कीमतें 31 अक्टूबर के बाद से अपने सबसे ऊंचे स्तर पर हैं।

उधर, अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 83,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। 31 अक्टूबर को सोने का भाव 2,790.15 डॉलर के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। फरवरी डिलिवरी के लिए अमेरिकी स्वर्ण वायदा 0.6 फीसदी चढ़कर 2,781.40 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। डॉलर एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे विदेशी खरीदारों के लिए सोना सस्ता हो गया।

स्वतंत्र विश्लेषक रॉस नॉर्मन ने कहा कि सोने का अपने नए सर्वाधिक ऊंचे स्तर की ओर बढ़ना डॉलर में गिरावट के साथ हुआ है। डॉलर में कमजोरी ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद नरमी आई है जिसमें उन्होंने संकेत दिया है कि वह टैरिफ पर नरम रुख अपना सकते हैं और चीन के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बना सकते हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि 2025 में सोना 3,175 डॉलर तक पहुंच सकता है

गुरुवार को ट्रंप ने विश्व आर्थिक मंच में कहा, 'हमें 2025 के दौरान सोने का भाव 3,175 डॉलर पर पहुंचने की संभावना है।' उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि ब्याज दरें तुरंत कम की जाएं। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि वह चाहेंगे कि चीन पर टैरिफ नहीं लगाना पड़े। चांदी का हाजिर भाव 1.4 फीसदी चढ़कर 30.87 डॉलर प्रति औंस, पैलेडियम 0.8 फीसदी चढ़कर 999.09 डॉलर और प्लेटिनम का भाव 1 फीसदी चढ़कर 952.29 डॉलर पर रहा। ये तीनों धातुएं साप्ताहिक बढ़त के लिए तैयार हैं।

पीसी ज्वैलर्स ने सेबी संग मामला निपटाया

पीसी ज्वैलर्स ने लिस्टिंग ऑब्लिगेशन ऐंड डिस्क्लोजर रीक्वायरमेंट (एल-ओडीआर) नियमन के कथित उल्लंघन पर 7.23 करोड़ रुपये का भुगतान करके भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ मामले का निपटान कर दिया है। सेबी ने फरवरी 2024 में कंपनी को कर्ज पर डिफॉल्ट का समय पर खुलासा न करने या देर से करने के आरोपों और एनपीए के रूप में ऋणों के वर्गीकरण से संबंधित विवरण, ऋणदाताओं को समाधान योजना प्रस्तुत करने में नाकाम रहने के साथ-साथ निवेशकों को भ्रामक जानकारी देने पर कारण बताओ नोटिस भेजा था। समझौते के बाद मामले का न्यायिक निपटारा कर दिया गया है। पीसी ज्वैलर्स ने कानून के तथ्यों और निष्कर्षों को स्वीकार या अस्वीकार किए बिना अप्रैल 2024 में निपटान के लिए आवेदन किया था। *बीएस*

डेंटा वाटर को 222 गुना बोलियां

डेंटा वाटर ऐंड इन्फ्रा सॉल्युशंस के आईपीओ को बिक्री के लिए प्रस्तावित शेयरों की तुलना में लगभग 222 गुना बोलियां मिली हैं। आवेदकों ने 34,000 करोड़ रुपये मूल्य के 1.62 अरब शेयरों के लिए बोलियां लगाईं जबकि आईपीओ में सिर्फ 5.25 अरब शेयरों (154 करोड़ रुपये) की पेशकश की गई है। सभी श्रेणियों में मजबूत मांग देखी गई। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 237 गुना, एचएनआई के हिस्से को 500 गुना से अधिक और खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 90 गुना आवेदन मिले। 294 रुपये के आईपीओ मूल्य पर कंपनी का मूल्यांकन 785 करोड़ रुपये बैठता है, जो वित्त वर्ष 2024 के 60 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का 13 गुना है। डेंटा का 220 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से नए शेयरों वाला इश्यू है। *बीएस*

एलआईसी म्युचुअल फंड का मल्टी ऐसेट एलोकेशन फंड

एलआईसी म्युचुअल फंड ने शुक्रवार को एलआईसी ऐसेट एलोकेशन फंड पेश करने की घोषणा की। यह इक्विटी कराधान हाइब्रिड पेशकश है जो इक्विटी, डेट व कमोडिटी मसलन सोने व चांदी में निवेश करेगा। फंड हाउस के मुताबिक यह फंड ज्यादातर मौजूदा पेशकशों से अलग है। इसमें विभिन्न परिसंपत्ति वर्ग में आवंटन फंड मैनेजरों के विवेक पर निर्भर करेगा जो ज्यादातर फंड हाउस के मॉडल से अलग है। यह योजना अपने कोष का 65 से 80 फीसदी इक्विटी में, 10 से 25 फीसदी डेट और सोने में निवेश करेगी। फंड 10 फीसदी तक चांदी और रीट्स व इनविट्स में भी निवेश करेगा। *बीएस*

सैट ने ट्रैफिकसोल के खिलाफ सेबी के आदेश को सही ठहराया

नियामक ने आईपीओ निवेशकों को रकम लौटाने का निर्देश दिया था

खुशबू तिवारी
मुंबई, 24 जनवरी

प्रतिभूति अपील पंचाट (सैट) ने शुक्रवार को ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजिज के खिलाफ बाजार नियामक सेबी के आदेश को सही ठहराया। दिसंबर में बाजार नियामक ने ट्रैफिकसोल को उन निवेशकों को रकम लौटाने का निर्देश दिया था जिन्हें आईपीओ के तहत शेयर आवंटित किए गए थे। ट्रैफिकसोल का 45 करोड़ रुपये का आईपीओ बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सितंबर 2024 में सूचीबद्ध होने वाला था। लेकिन आईपीओ में मिली रकम के इस्तेमाल और गलत खुलासों की शिकायतों के बाद इसे रोक दिया गया था। इस इश्यू को करीब 345 गुना आवेदन मिले थे। अक्टूबर 2024 में सेबी ने आदेश जारी किया था जिसके बाद इस मामले की विस्तृत जांच हुई।

दिसंबर के आदेश में सेबी ने थर्ड पार्टी वेंडर की संदिग्ध प्रकृति की ओर संकेत दिया था, जिससे ट्रैफिकसोल अपने आईपीओ की करीब 40 फीसदी रकम के जरिए सॉफ्टवेयर खरीदने जा रही थी। सेबी ने कहा कि थर्ड पार्टी वेंडर मुखौटा इकाई थी और आरोप लगाया कि कंपनी ने तब इस पर पर्दा डालने की कोशिश की जब वेंडर की जांच की गई। सेबी की शुरुआती जांच में पाया गया कि थर्ड पार्टी वेंडर ने तीन साल से ज्यादा समय से कंपनी मामलों के मंत्रालय के पास वित्तीय विवरण जमा नहीं कराया था और पिछले साल उसने कोई राजस्व अर्जित नहीं किया था जिसका वित्तीय विवरण जमा कराया गया था।

इसके अलावा वेंडर के पिछले तीन साल के वित्तीय विवरण पर सूचीबद्धता से कुछ दिन पहले एक ही दिन हस्ताक्षर किए गए थे। वेंडर का पंजीकृत कार्यालय भी बंद था और उसका जीएसटी रिटर्न खुलासा किए गए कारोबार से मेल नहीं खा सका।

चित्रा रामकृष्ण ने टीएपी निपटान में गोपनीयता को चुनौती दी

खुशबू तिवारी
मुंबई, 24 जनवरी

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व मुख्य कार्याधिकारी चित्रा रामकृष्ण ने बाजार नियामक सेबी के ट्रेडिंग एक्सेस प्वाइंट (टीएपी) मामले में निपटान के दौरान संबंधित दस्तावेजों का खुलासा नहीं करने के निर्णय को चुनौती दी है। अक्टूबर में एनएसई, उसके पूर्व एमडी और सीईओ विक्रम लिमये और आठ अन्य ने सेबी को 643 करोड़ रुपये की निपटान राशि चुकाकर टीएपी के दुरुपयोग से जुड़ा मामला सुलझा लिया था। रामकृष्ण ने इस निपटान से संबंधित दस्तावेजों की मांग की थी।

उनकी अपील पर विचार करते हुए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण ने शुक्रवार को कहा कि एनएसई ने दस्तावेजों के खुलासे पर आपत्ति जताई थी। चूंकि निपटान में नौ अन्य पक्ष शामिल हैं। इसलिए न्यायाधिकरण ने निर्देश दिया है कि रामकृष्ण की अपील दाखिल करने के बारे में उन्हें सूचित किया जाए। निपटान में शामिल अन्य पक्ष गोपनीयता बनाए रखने या खुलासा करने के बारे में अपनी राय साझा कर सकते हैं।

एनएसई और 9 अन्य ने मामला निपटाने के लिए 643 करोड़ रु. चुकाए थे

पिछले साल रामकृष्ण को उस वक्त को-लोकेशन मामले में राहत मिली थी जब सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश वार्ष्णेय ने आरोपों की पुष्टि में साक्ष्यों के अभाव का हवाला देते हुए उन पर, एनएसई, रवि नारायण और आनंद सुब्रमण्यन पर लगे आरोपों को वापस ले लिया था।

टीएपी मामले में बाजार नियामक ने फरवरी 2023 में एक्सचेंज को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह नोटिस इस जानकारी के बाद दिया गया था कि कि ब्रोकरों द्वारा सिस्टम का दुरुपयोग किए जाने की संभावना थी और एनएसई ने सुधार के उचित कदम नहीं उठाए।

टीएपी एक सॉफ्टवेयर ऐप्लीकेशन है जिसे एनएसई ने विकसित किया है और इसका इस्तेमाल शेयर ब्रोकरों द्वारा एक्सचेंज के ट्रेडिंग सिस्टम के साथ संचार (ऑर्डर/ट्रेड) स्थापित करने के लिए किया जाता है। इसे 2008 में शुरू किया गया था और इक्विटी सेगमेंट में सितंबर 2019 तक जारी रखा गया था।

PROFITMART **ISSUED IN PUBLIC INTEREST**
PROFITMART SECURITIES PVT LTD (PSPL)

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि श्री तिलक इंदल साहू (PAN: GGSPS6541E), पूर्व में एक अधिकृत व्यक्ति (एपी) के रूप में अनुमोदित थे, आज्ञाभंग करने के कारण अब वे दिनांक 01-12-2024 से मैसर्स प्रोफिटमार्ट सिक्योरिटीज प्रा. लि. (एनएसई, बीएसई एवं एमसीएक्स का सदस्य) के साथ जुड़े हुए नहीं हैं। ऊपर उल्लेखित व्यक्ति के साथ लेनदेन करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा अपनी जोखिम पर करेंगे। इनके साथ किसी भी तरह की लेनदेन अथवा सौदा के लिए मैसर्स प्रोफिटमार्ट सिक्योरिटीज प्रा. लि. किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।
किसी भी तरह के प्रश्न रहने पर निवेशकों से इस सूचना के जारी किए जाने की तारीख से 30 दिनों के अंदर हमें नीचे निम्नलिखित पते पर सूचित करने का अनुरोध किया जाता है

M/s. PROFITMART SECURITIES PVT. LTD.,
Unit No 213, Opal Square, Plot No C-1, Thane, Mumbai – 400604.
Email support@profitmart.in Tel: 020 49119119

पावरग्रिड
POWERGRID

आगामी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए भूमि निर्धारण हेतु एजेंसियों के पैनलीकरण हेतु अनुरोध हेतु सूचना (आरएफई)

Ref: CC/T/S-MISC/DOM/A00/25/00232/RfE दिनांक: 25/01/2025

पावरग्रिड आगामी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए भूमि निर्धारण हेतु एजेंसियों को पैनलबद्ध करने का इरादा रखता है।
इस पैनल का उपयोग पावरग्रिड द्वारा आगामी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए भूमि निर्धारण हेतु भावी निविदा(ओं) में भाग लेने के लिए पैनलबद्ध पक्षों को आमंत्रित करने के लिए किया जाएगा।
उपरोक्त उद्देश्य के लिए, पावरग्रिड इच्छुक आवेदकों से पोर्टल **https://etender.powergrid.in** पर आरएफई के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। आरएफई दस्तावेज **25/01/2025 से 10/02/2025** तक उपलब्ध हैं और इन्हें उपरोक्त ई-पोर्टल से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन-पूर्व सम्मेलन **30/01/2025 को 1130 बजे** मेसर्स पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, 'सौदामिनी', प्लॉट नंबर 2, सेक्टर 29, तीसरी मंजिल, गुरुग्राम- 122001, हरियाणा में आयोजित किया जाएगा।
आवेदन पत्र (सॉफ्ट कॉपी भाग) **10/02/2025 को 11:00 बजे** तक (आईएसटी) और (हार्ड कॉपी भाग) **12/02/2025 को 11:00 बजे** तक (आईएसटी) जमा किए जा सकते हैं।
पैनल में शामिल होने के लिए विस्तृत योग्यता आवश्यकताएँ (QR) आरएफई दस्तावेज़ों में दी गई हैं। संपूर्ण आरएफई दस्तावेज़ हमारी वेबसाइट **http://www.powergrid.in** और भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल **(https://eprocure.gov.in)** पर भी केवल संदर्भ के उद्देश्य से उपलब्ध हैं। संभावित आवेदकों द्वारा POWERGRID वेबसाइट और पोर्टल **https://etender.powergrid.in** से डाउनलोड किए गए दस्तावेज़ों के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, बाद वाला मान्य होगा।
आरएफई में किसी भी तरह के बदलाव या परिशिष्ट सहित अन्य जानकारी के लिए कृपया ई-पोर्टल **https://etender.powergrid.in** पर जाएं और उसमें कोई भी अपडेट केवल उक्त पोर्टल पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वे आरएफई आवेदन जमा करते समय सभी अपडेट पर विचार करें।
सभी पत्राचार/संचार निम्नलिखित पते पर किए जाएंगे: 'उप महाप्रबंधक (सीएस-जी1)/मुख्य प्रबंधक (सीएस-जी1), पावरग्रिड, "सौदामिनी", प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, हरियाणा'। फोन नंबर: +91-124-282- 2383/2377/2393, मोबाइल: +91- 9650089825/ 9419236291/9599814189

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
निगम कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर–2, सेक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा–122001 **फोन नंबर:** 0124–2822000, 2823000
रजि. ऑफ.: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016 फोन। **नंबर** 011–26560112
वेबसाइट: www.powergrid.in, ईमेल आईडी: investors@powergrid.in, **CIN:L40101DL1989GOI038121**
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/NIT-20/Ad-239/24-25/PROMODOME

SHRIRAM Finance

SHRIRAM FINANCE LIMITED

Corporate Identity No. (CIN) : L65191TN1979PLC007874
Registered Office: Sri Towers, 14A, South Phase, Industrial Estate, Guindy, Chennai – 600 032, Tamil Nadu.
Tel. No: +91 44 4852 4666, Fax: +91 44 4852 5666. Website : www.shriramfinance.in, Email : secretarial@shriramfinance.in

Extract of unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2024

(Rs. in crores)

Sr. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter Ended 31.12.2024 (Unaudited)	Nine Months Ended 31.12.2024 (Unaudited)	Quarter Ended 31.12.2023 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)	Quarter Ended 31.12.2024 (Unaudited)	Nine Months Ended 31.12.2024 (Unaudited)	Quarter Ended 31.12.2023 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2024 (Audited)
1.	Total Income from operations	10,698	30,380	8,922	34,964	10,698	30,380	8,922	34,964
2.	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	2,759	8,177	2,440	9,684	2,759	8,177	2,440	9,684
3.	Net Profit for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	4,416	9,834	2,440	9,684	4,313	9,731	2,440	9,684
4.	Net Profit for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	3,570	7,622	1,818	7,190	3,232	7,284	1,818	7,190
5.	Net Profit for the period after tax from continuing operations and share of profit/(loss) of associate	NA	NA	NA	NA	3,235	7,292	1,820	7,198
6.	Net Profit for the period after tax from Discontinued Operations	NA	NA	NA	NA	13	141	54	201
7.	Net Profit for the period after tax from Total Operations	3,570	7,622	1,818	7,190	3,249	7,433	1,874	7,399
8.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	3,683	7,810	1,767	7,102	3,354	7,613	1,824	7,311
9.	Paid-up Equity Share Capital	376	376	376	376	376	376	376	376
10.	Reserves (excluding Revaluation Reserve)				48,193				48,571
11.	Securities Premium Account	17,541	17,541	17,488	17,511	17,541	17,541	17,534	17,557
12.	Net Worth	55,039	55,039	47,230	48,803	55,225	55,225	47,545	49,181
13.	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA
14.	Outstanding Redeemable Preference Shares	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil
15.	Debt Equity Ratio	4.06	4.06	3.77	3.83	4.05	4.05	3.94	3.99
16.	Earnings per share (before and after extraordinary items) (of Rs.2/- each) (Not annualised for the interim periods) (Post share split)								
	For continuing operations								
	Basic (Rs.):	18.99	40.55	9.68	38.33	17.21	38.79	9.69	38.37
	Diluted (Rs.):	18.96	40.49	9.66	38.20	17.19	38.73	9.67	38.25
	For discontinued operations								
	Basic (Rs.):	NA	NA	NA	NA	0.06	0.63	0.25	0.90
	Diluted (Rs.):	NA	NA	NA	NA	0.06	0.63	0.25	0.89
	For total operations								
	Basic (Rs.):	18.99	40.55	9.68	38.33	17.27	39.42	9.94	39.26
	Diluted (Rs.):	18.96	40.49	9.66	38.20	17.25	39.36	9.91	39.14
17.	Capital Redemption Reserve	54	54	54	54	54	54	54	54
18.	Debenture Redemption Reserve	134	134	419	134	134	134	419	134
19.	Debt Service Coverage Ratio	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA
20.	Interest Service Coverage Ratio	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA	NA

Note: The above is an extract of the detailed format of the quarterly and nine months ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly and nine months ended financial results is available on the stock exchange websites: www.bseindia.com, www.nseindia.com and company's website: www.shriramfinance.in. The same can be accessed by scanning the QR code provided.

Place : Mumbai
Date : January 24, 2025

By order of the Board
For SHRIRAM FINANCE LIMITED

Y. S. Chakravarti
Managing Director & CEO
DIN: 00052308